Regarding land erosion caused by rivers in Maldaha Uttar Parliamentary Constituency ? laid

श्री खगेन मुर्मु **(**माल्दहा उत्तर**):** मेरे निर्वाचन क्षेत्र माल्दहा उत्तर (पश्चिम बंगाल) के रतुवा वन ब्लॉक महानंदा टोला जीपी में अधिकतर ग्रामों की काफी गंभीर स्थिति है ये गाँव कभी भी नदी में समाहित हो सकते हैं जिन्हें बचाना नितांत आवश्यक है। इसी तरह श्रीकांत टोला, मुनिरामटोला जीतू टोला वीरूटोला छवि टोला खासबोर्ना, नयाभिलाइमारी, बोधराम टोला, पोटोलडांगा इन सभी गाँव में लगभग 3000 घर हैं एवं 18 प्राइमरी स्कूल और 2 हाई स्कूल और दो बड़ी मार्किट हैं, 5 फल्ड सेन्टर हैं तथा मिलाईमारी जीपी रामायणपुर, रूहिमारी, दारोग टोला, गंगाराम टोला इन ग्रामों में लगभग 1500 घर है तथा 8 प्राइमरी पाठशाला एवं एक हाई स्कूल 2 फल्ड सेन्टर है और एक बड़ा बाजार भी है। हरिशचंद्रपुर ब्लॉक दो में उत्तर भकुरिया, दक्षिण भाकुरिया, रसीदपुर ग्राम कावाडोल, मिरापारा तातीपारा आदि ग्रामों की काफी गंभीर स्थिति बनी हुई है। राज्य सरकार इस मामले पर विचार नहीं कर रही है नदियों के कटान से तत्काल प्रभाव से बचाना अति आवश्यक है।